एमएड परीक्षा का आवेदन करने का आज अंतिम मौका

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के अंतर्गत एमएड के चौथे सेमेस्टर वर्ष 2016-18, परीक्षा वर्ष 2019 की परीक्षा जल्द होना है। इसके लिए नियमित एटीकेटी के स्टूडेंट्स द्वारा आवेदन पत्र ऑनलाइन ही जमा करवाए गए हैं। यदि कोई स्टूडेंट अभी तक आवेदन फॉर्म जमा नहीं कर पाया है तो कुलपति की विशेष अनुमति और 750 रुपए विलंब शुल्क के साथ 2 दिसंबर तक आवेदन करने का मौका दिया गया है।

डीएविवि का 32 सदस्यीय दल करेगा प्रतिनिधित्व

इंदौर। ग्वालियर में 14 से 18 दिसंबर तक मध्य क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय युवा उत्सव होना है, जिसमें देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी से 32 सदस्यीय दल भाग लेकर प्रतिनिधित्व करेगा। इसके तहत डीएविवि में 2 और 3 दिसंबर को अभ्यास कार्यक्रम रखा गया है। इसके लिए पहला व दूसरा प्राप्त प्रतिभागी-दल को चयन प्रक्रिया में शामिल होने के निर्देश डीएसडब्ल्यू ने दिए हैं। सभी विभागाध्यक्षों सहित सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि उक्त दल के चयन हेतु विभिन्न प्रक्रिया के अंतर्गत पहले व दूसरे क्रम पर रहे प्रतिभागियों को इस अभ्यास में शामिल होना है। 2 दिसंबर को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक वाद-विवाद, एकल अभिनय, स्कीट आदि और 3 दिसंबर को सभी प्रकार के नृत्य व संगीत के लिए चयन किया जाएगा।



कम्प्यूटेशनल मैथमेटिक्स विषय पर कार्यशाला

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के गणित विभाग और इंडियन मैथमेटिक्स कन्सोरटियम की ओर से डाटा साइंस विभाग में कम्प्यूटेशनल मैथमेटिक्स विषय पर कार्यशाला का समापन हुआ। पहले सत्र में प्रोफेसर कर्मेशु शिव नडार यूनिवर्सिटी ग्रेटर नाएडा ने अपनी बात रखी। प्रोफेसर जे.के. हारा ने सिंगुलर वैल्यू डिकम्पोजिशन ऑफ मैट्रिक्स पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में शहर के विभिन्न कॉलेजों की फैकल्टी व स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के समापन समारोह के मौके पर सभी सहभागियों को कुलपति ने प्रमाण पत्र वितरित किए।